मैया अष्ट भुजाओं वाली मेरे घर आना पड़ेगा

मैया अष्ट भुजाओं वाली मेरे घर आना पड़ेगा....-2

जो मैया तुम ना आओगी, भेजूंगी मोटरगाड़ी,
गाड़ी के संग लारी, लारी में बैठ आना पड़ेगा
मैया अष्ट भुजाओ वाली........

जो मैया तुम ना आओगी, भेजूंगी लहंगा चोली,
बिंदिया, रोली, सज धज कर तुमको आना पड़ेगा
मैया अष्ट भुजाओ वाली........

जो मैया तुम ना आओगी, भेजूंगी लांगुरिया सारे,
वो धूम मचावै लांगुरिया संग आना पड़ेगा,
मैया अष्ट भुजाओ वाली........

जो मैया तुम ना आओगी, भेजूं शेर सवारी,
लगे हमें प्यारी शेर संग आना पड़ेगा,
मैया अष्ट भुजाओ वाली........

जो मैया तुम ना आओगी, भेजू संगत सारी,
संगत है न्यारी न्यारी, भक्तों के संग आना पड़ेगा,
मैया अष्ट भुजाओ वाली........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23837/title/mayia-asht-bhujao-wali-mere-ghar-aana-padega

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |